पत्रांक–09/+2वि.04-06/2024 2573 /

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

उत्कर्ष गुप्ता, *भा०प्र०से०*
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक 09/09/2024

विषय :– **झारखण्ड राज्यान्तर्गत +2 विद्यालयों में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 (विज्ञापन संख्या–02/2023 एवं 03/2023) के आधार पर विषय–भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं भूगोल के सफल अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग संबंधी प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत +2 विद्यालयों में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 (विज्ञापन संख्या–02/2023 एवं 03/2023) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 26.07.2024 को प्रकाशित विषय भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं भूगोल के परिणाम के फलस्वरूप प्राप्त करायी गयी मेधा सूची के सफल अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि संलग्न प्रेस विज्ञप्ति को प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) तथा झारखण्ड राज्य के सभी दैनिक प्रमुख समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रकाशित कराने की व्यवस्था करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नकः–यथोक्त।

ह० 09/09

(उत्कर्ष गुप्ता)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

–: विज्ञप्ति :–

संख्या–2573 रॉंची, दिनांक : 09/09/2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत झारखण्ड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 (विज्ञापन संख्या–02/2023 एवं 03/2023) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 26.07.2024 को प्रकाशित परीक्षाफल के आलोक में आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों के योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों/दिव्यांग्ता प्रमाण–पत्र आदि (अभ्यर्थियों द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को समर्पित किये गये मूल आवेदन–पत्र में अंकित अभ्युक्तियों एवं आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किये गये वांछित सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ) का मिलान करते हुए विषयवार सफल अभ्यर्थियों का निम्न कार्यक्रमानुसार काउन्सलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है :–

स्थान	समय	तिथि	विषय	पद का नाम
MDI BUILDING 1st FlOOR VSK	11:00 बजे पूर्वाह्न से।	13/09	भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं भूगोल	स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (PGT)

अतः सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रमानुसार अपने योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ एवं तत्संबंधी सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ–साथ आवेदन पत्र में संलग्न किये गये पासपोर्ट साईज का फोटो की तीन स्वअभिप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जो अभ्यर्थी काउन्सलिंग में उपस्थित नहीं होंगे, उनका नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

ह॰ 9/09
(उत्कर्ष गुप्ता)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, रॉंची।